HINDI -1 (Hons.) (2018)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) हिन्दी-साहित्य के इतिहास-लेखन की परम्परा का परिचय दें।

(ख) आदिकालीन हिन्दी-साहित्य की उपलब्धियों का विवेचन करें।

(ग) 'विद्यापति की कृतियाँ परवर्ती हिन्दी-काव्य-गंगा की गोमुखी है', इस कथन की समीक्षा करें।

(घ) हिन्दी की सगुण भक्तिधारा की मुख्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

(ङ) छायावादी-कविता की प्रमुख विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख करें।

(च) हिन्दी-आलोचना के विकास का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करें।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) इतिहास और आलोचना में अन्तर

(ख) रासो-साहित्य

(ग) 'पदमावत' में लोकतत्व

(घ) 'कीर्तिलता' की भाषा

(ङ) आचार्य महावीर प्रसाद की हिन्दी-सेवा

(च) प्रेमचन्द का गोदान

(छ) तारसप्तक

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(क) अमीर खुसरो के बचपन का नाम क्या था ?

(ख) हिन्दी-साहित्य के आदिकाल को 'चारण काल' किसने कहा था ?

(ग) 'पाहुड़ दोहा' के रचयिता कौन हैं ? https://www.lnmuonline.com

(घ) 'साहित्य-लहरी' का वर्ण्य-विषय क्या है ?

(ङ) 'कृष्णगीतावली' किनकी रचना है ?

(च) 'सतसइया के दोहरे अरु नावक के तीर' में 'नावक' का क्या अर्थ है ?

(छ) 'लोकायतन' महाकाव्य के कवि कौन हैं ?

(ज) 'बिल्लेसुर बकरिहा' किस विधा की रचना है ?

(झ) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी ?

(ञ) हिन्दी का पहला दैनिक समाचारपत्र कौन-सा था ?

https://www.lnmuonline.com